हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार 17 अप्रैल 2024
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

4 17 स्कूली वाहनों में 8 अनफिट



## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण में अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस

**बैकुण्ठपुर।** लोकसभा निर्वाचन के तैयारियों के संबंध में 12 अप्रैल को सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण में 486 पीठासीन अधिकारी एवं 451 मतदान अधिकारी क्रमांक 01 के लिए प्रशिक्षण आयोजित की गई थी। प्रशिक्षण में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित होने पर 02 पीठासीन अधिकारी को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार 13 अप्रैल को 426 मतदान अधिकारी क्रमांक 02 एवं 285 मतदान अधिकारी क्रमांक 03 का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। इसमें बिना किसी सूचना के अनुपस्थित होने पर 09 मतदान अधिकारी 02 एवं 03 को कारण बताओं नोटिस कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी किया गया है।

### शहर में निकली जागरूकता बाइक रैली




**बैकुण्ठपुर।** मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल, बीआरसी बैकुंठपुर निलेश शुक्ला, स्वीप नोडल बैकुंठपुर महेश शिवहरे के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में विकासखंड बैकुंठपुर के समस्त शैक्षिक समन्वयक शिक्षकों के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से झुमका रोड, कलेक्टर बंगला रोड होते हुए नगर सैनिक चौक से मुख्य मार्ग होते हुए ओड़गी नाका तक बाइक रैली का आयोजन कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### गर्मी में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित होः लंगेह

**बैकुण्ठपुर।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय निकाय तथा जनपद पंचायत बैकुंठपुर-सोनहत के अधिकारियों से कहा कि गर्मी के मौसम में भू-जल नीचे चले जाने से पेयजल की समस्या उत्पन्न होती है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण तथा नगरीय निकायों में पेयजल समस्या न हो, इसके लिए माकूल व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि जिले के सभी गांवों, कस्बों के घरों तथा पारा-मोहल्ले में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी व उनके अमले सतत दौरा करें व आम लोगों से जानकारी प्राप्त करें। श्री लंगेह ने कहा कि किसी भी स्थिति में पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए विशेष रूप से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी छात्रावास, आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, वार्ड, ग्राम पंचायत आदि स्थानों से जानकारी प्राप्त करें और पेयजल की समस्या को तत्काल निराकरण करें। श्री लंगेह ने कहा कि जिन स्थानों में बोर सूखने की शिकायत मिल रही है, वहां वैकल्पिक व्यवस्था करें, ताकि आम लोगों को गर्मी में पेयजल की समस्या से निजात मिले।

### सर्पदंश से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** बकरी चराने गए ग्रामीण को जहरीले सांप ने काट लिया। समय पर एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिल पाने से गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम बेढ़ी निवासी सकल मिंज (48 वर्ष) रविवार की सुबह बकरी चराने गया था। बकरी चराने के बाद 10.30 बजे घर आया और परिवार के लोगों को बताया कि उसे जहरीले सांप ने काट लिया है। परिजन ग्रामीण को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया जहां जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## जगह-जगह कन्याभोज का आयोजन, राम नवमीं आज

# सुबह से देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़


खड़गवां चनवारीडांड़ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़।


प्रज्जवलित मनोकामना दीप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

चैत्र नवरात्र के अष्टमी को देवी मंदिरों में शक्ति की देवी के महागौरी रूप की विशेष रूप से पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर हवन कार्यक्रम भी कई जगहों पर आयोजित की गई। इस दिन हवन -पूजन की गई तथा महाआरती का आयोजन भी किया गया, इसके बाद कई जगहों पर भंडारा कार्यक्रम भी चलाए गए। भंडारा का प्रसाद ग्रहण करने के लिए भी लोगों की भीड़ जुटी रही। खड़गवां के प्रसिद्ध चनवारीडांड मंदिर में लोग देवी और ज्योति कलश के दर्शन के लिए अलसुबह से पहुंचते रहे। दूसरी ओर चैत्र नवरात्र के 17 अप्रैल को नवमी तिथि पर देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्रों में भक्तों का सैलाब उमड़ेगा। इस दिन सुबह होने के साथ ही देवी मंदिरों में विभिन्न स्थानों पर स्थित आस्था केन्द्रों में श्रद्धालु माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए जुटना शुरू हो जाएंगे और दोपहर तक देवी मंदिरों में भक्तों की कतार लगेगी। अंतिम दिन देवी मंदिरों में विशेष रूप से हवन-पूजन चलता रहेगा, इससे कि पूरा क्षेत्र भक्ति से सुवासित होगा। सभी देवी मंदिरों में रामनवमी की पूजा-अर्चना के साथ ही हवन-पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रहेगी। हवन -पूजन के बाद पूर्णाहूति देने का कार्यक्रम समाप्त होने के साथ ही नौ दिनों तक चलने वाला चैत्र नवरात्र का भी समापन हो जाएगा। कई प्रमुख देवी मंदिरों में तो नवमीं तिथि गुजर जाने के बाद के दिनों में भी श्रद्धालुओं का आना-जाना मंदिर में लगा रहता है। इस तरह 17 अप्रैल को देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्रों में भक्ति भाव के साथ हवन-पूजन का कार्यक्रम के साथ पूजा-अर्चना के लिए भक्तजन जुटते रहेंगे।


देवलल्ला में भजन-कीर्तन करते लोग।

### आज निकलेगी जवारे की झाॅकी

चैत्र नवरात्र के नवमीं तिथि को जवारे की झाॅकी निकाली जाएगी और भ्रमण करने के बाद जवारे को विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करने के बाद विसर्जित कर दिया जाएगा। शहर सीमा से लगे रमदईया धाम से प्रतिवर्ष की भाॅति इस वर्ष भी जवारे की आकर्षक झाॅकी निकाली जाएगी, जो रमदईया धाम परिसर से चेर होते शहर के कुमार चौक तक पहुंचती है और फिर इस स्थल से जवारा की झाॅकी वापस लौटकर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के बाद विसर्जित कर दिया जाता है, इसके अलावा जिले के गांव-गांव में आज जवारा की झाॅकी ग्रामीण भक्तजनों के द्वारा पूजा-अर्चना के बाद निकाली जाएगी। गांव में झाॅकी का भ्रमण कराने के बाद विसर्जन कर दिया जाएगा। इस मौके पर काफी संख्या में भक्तजन जवारे की झांकी में शामिल रहते हैं।

### पूजा पाठ कर खोला गया पट

चैत्र नवरात्र के अवसर पर गांव-गांव में भक्तजनों के द्वारा देवी की पूजा -अर्चना की जाती रही। गांव के देवल्ला पर जवारा बोया गया था, जहां प्रतिदिन शाम ढलने के बाद ग्रामीण भक्तजन देर रात्रि तक भजन-कीर्तन करते रहे। वहीं अष्टमी तिथि को कई जगहों पर पट खोला गया और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। जानकारी के अनुसार सोनहत जनपद के ग्राम लटमा में अष्टमी तिथि को गांव के लोग देवल्ला स्थल पर एकत्रित होकर भक्तिगीत, भजन-कीर्तन करते रहे। इसी बीच बैगा के द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा -अर्चना कर देवल्ला के भीतर का पट खोला गया, जहां जवारा बोया गया है। इस तरह गांव-गांव में अष्टमी तिथि को देवल्ला में विशेष पूजा-अर्चना की गई।

## श्रीराम नवमीं पर हवन के साथ मां की होगी विदाई

**मनेन्द्रगढ़।** नौ दिनों से चले आ रहे नवरात्रि का समापन 17 अप्रैल को होगा, इसके पूर्व श्रद्धालु हवन-पूजन कर मां दुर्गा को विदाई देंगे, इसके साथ ही मनोकामना ज्योति कलश व जवारा विसर्जन के बाद जिलेभर में जवारा यात्रा निकाल कर भक्त अपना अनुष्ठान पूरा करेंगे। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व है। देवी मंदिरों के साथ ही साथ लोग अपने-अपने घरों में विशेष अनुष्ठान करते हैं। नवरात्रि के नौ दिनों तक क्षेत्र में उत्साह का वातावरण देखते ही बनता है। इस दौरान जिले के सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां के विविध स्वरुप के दर्शन कर पारिवारिक सुख शांति की मंगल



कामना की। नवरात्रि के आठवें दिन भक्तों ने मां महागोरी की पूजा की। इस दौरान मंदिरों में दिनभर हवन-पूजन का दौर चलता रहा।

### रामचंद्र जी का मनेगा जन्मोउत्सव

भगवान श्री रामचंद्र जी के जन्मोत्सव को रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष रामनवमी के दौरान रवि योग बन रहा है, इस कारण इस वर्ष की रामनवमी काफी खास मानी जा रही है। रामनवमी के दौरान लोग भगवान श्रीराम की पूजा और आराधना करते हैं और उन्हें प्रसन्न करने के लिए कई प्रकार की सामग्री का भोग लगाते हैं, लेकिन रामनवमी के दौरान लोग प्रभु श्री रामचंद्र के सबसे अनन्य भक्त हनुमान जी की भी पूजा-अर्चना करते हैं, ऐसी मान्यता है कि रामनवमी के दिन हनुमान जी की पूजा करने से भक्तों के सभी प्रकार के संकट का हरण हो जाता है। हनुमान जी को कलयुग का देवता भी माना गया है और कहा जाता है कि हनुमान जी की पूजा करने से प्रभु श्री रामचंद्र जी भी प्रसन्न हो जाते हैं। क्या आप जानते हैं कि रामनवमी के दिन क्यों होती है हनुमान जी की पूजा प्रख्यात श्रीराम मंदिर के महंत पंडित श्री ओम नारायण द्विवेदी बताते हैं कि रामनवमी के दिन हनुमान जी की पूजा की जाती है, क्योंकि हनुमान जी भगवान श्रीराम के सबसे अनन्य भक्त हैं और हनुमान जी की पूजा करने से प्रभु श्री रामचंद्र जी भी प्रसन्न होते हैं। इतना ही नहीं प्रभु हनुमान जी की पूजा करने के दौरान अगर भगवान राम के चरित्र का गुणगान किया जाए तो हनुमान जी भी अत्यंत प्रसन्न हो जाते हैं। यही कारण है कि रामनवमी के दिन लोग अपने घर में हनुमान जी की ध्वजा का ही आरोहण करते हैं, इसे विजय पताका के रूप में भी देखा जाता है, ऐसे में अगर आप रामनवमी के दिन भगवान श्री रामचंद्र जी की पूजा कर रहे हैं तो आप हनुमान जी की भी पूजा करें, ऐसा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है।

### रामनवमी पर ऐसे करें पूजा

पंडित चंदन त्रिपाठी ने बताया कि रामनवमी के दिन सूर्योदय से पूर्व उठाना चाहिए। स्नान ध्यान कर नवमी तिथि की पूजा करनी चाहिए। इस दौरान भगवान श्रीराम का फोटो या मूर्ति के सामने दीप जलाकर सभी देवी-देवताओं का ध्यान करने भोग लगाना चाहिए। प्रभु श्री रामचंद्र जी को फूल, मिष्ठान और फल आदि का भोग लगाना चाहिए, इसके बाद भगवान श्री रामचंद्र जी की आरती भी करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि रामनवमी के दिन हनुमान जी की भी पूजा करने का विशेष फल माना जाता है। रामनवमी के दिन लाल वस्त्र पहनकर हनुमान जी की आराधना करनी चाहिए, हनुमान जी को पंचामृत चढ़ाना चाहिए तथा बजरंग बाण या सुंदरकांड का पाठ करना चाहिए, इससे हनुमान जी प्रसन्न होते हैं और सभी प्रकार के संकट समाप्त होते हैं।

### काली मंदिर में हवन आज

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के वार्ड नंबर 19 काली मंदिर में मंगलवार महाष्टमी के दिन माता महालक्ष्मी की प्राण प्रतिष्ठा एवं कन्या भोज भंडारा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इसी कड़ी में 17 अप्रैल को श्री रामनवमी पर हवन एवं विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। अनुष्ठान का समापन 18 अप्रैल गुरुवार को जवारा विसर्जन के साथ किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के धर्मानुरागीजनों से उपरोक्त सभी आयोजनों में सपरिवार शामिल होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।



# केंद्रीय विद्यालय में प्रेरणा उत्सव का भव्य आयोजन, 200 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिरमिरी

केन्द्रीय विद्यालय चिरमिरी में एमसीबी जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा के गरिमामय उपस्थिति में प्रेरणा उत्सव का भव्य आयोजन सोमवार को संपन्न हुआ। इसमें प्रेरणा पोर्टल में पंजीकृत जिले के विभिन्न विद्यालयों से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री मिश्रा ने बताया कि स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय द्वारा एक अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम प्रेरणा के माध्यम से 9 वीं से 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों को नेतृत्व गुणों के साथ सशक्त बनाने और उन्हें एक सार्थक, अद्वितीय और प्रेरणादायक अनुभव प्रदान करने के लिए प्रेरित करता है। यह भारतीय शिक्षा प्रणाली के सिद्धांतों और मूल्य आधारित शिक्षा के दर्शन से विद्यार्थियों को जोड़ने की गहरी प्रतिबद्धता से प्रेरित है। प्रेरणा उत्सव के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय चिरमिरी में निबंध, कहानी लेखन, कविता, गीत, ड्राइंग आदि स्पर्धाओं में भाग लेकर उत्साह के साथ विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। इसमें साक्षात्कार के आधार पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मनेन्द्रगढ़ के छात्र सुमित कुमार यादव एवं छात्रा हिमांशी उपाध्याय का चयन निर्णायक मंडल द्वारा सर्वसम्मति से किया गया। जिला स्तर चयनितों में से एक उत्कृष्ठ छात्र एवं एक उत्कृष्ठ छात्रा बड़नगर, मेहसाना गुजरात की यात्रा कर मूल्य एवं अनुभव आधारित शिक्षा एवं नवाचार की सीख लेकर लाभान्वित होंगे। विद्यालय के प्राचार्य सह जिला नोडल अधिकारी एनके सिन्हा ने कहा कि प्रेरणा एक सप्ताह तक चलने वाला आवासीय कार्यक्रम है। यह प्रायोगिक ज्ञान पर आधारित कार्यक्रम है, जो नई शिक्षा नीति में निर्धारित मूल्यों के अनुरूप भारत में विविधता में एकता, वसुधेव कुटुम्बकम और नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा का समावेश करेगा, साथ ही यह

कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के भीतर छिपी प्रतिभा को उजागर करने में सहायक होगा। विदित हो कि भारत सरकार के इस महत्वाकांक्षी प्रेरणा उत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए उनकी विभिन्न योग्यताओं को उभारने का प्रयास किया गया।


परीक्षा देते विद्यार्थी।

### ऑन लाइन सट्टा खेलते दो आरोपी गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** बैकुंठपुर एवं पटना पुलिस ने ऑनलाईन एप के माध्यम से हार जीत का दांव लगाते हुए जुआ खेलते पाए जाने पर दो आरोपियों को पकड़ा। दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 7-1 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों के पास नगदी रकम सहित मोबाईल जब्त की गई। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर की सूचना पर पटना पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम छिंदिया चौक के पास रविन्द्र प्रताप पिता कमलेश्वर सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी कोचिला को ऑनलाईन हारजीत का दांव लगाते हुए पकड़ा गया, उसके पास से दो नग मोबाईज जब्त की गई। वहीं मुखबीर से मिली सूचना पर पुलिस ने बैकुंठपुर के नया बस स्टैंड के पास मनोज गुप्ता पिता स्व. जमुना प्रसाद उम्र 39 वर्ष निवासी हरापारा बैकुंठपुर ने सरकार बुक ऑनलाइन क्रिकेट बेटिंग एप के माध्यम से हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते पाया गया। आरोपी के पास से नगद 1200 रूपए तथा एक नग मोबाइल जब्त की गई। पकड़े गए दोनों आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### विद्यार्थियों ने बनाई मानव श्रृंखला...



**बैकुण्ठपुर।** मंगलवार को शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता के मार्गदर्शन में विद्यालय की छात्राओं द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यालय परिवार व छात्राओं ने लोकतंत्र को सशक्त बनाने मतदान करने की शपथ ली। कार्यक्रम में सी सिंह, पी सिंह, आरएल गौतम, सुमन गुप्ता, एसए अली, वीरेन्द्र कुमार सिंह, के सोनवानी, संजय यादव, स्वीटी मिश्रा, के शिवहरे, जे दुबे, विपिन मिश्रा, जेपी नायर, आर जगत, ए सोनपाकर, फगनी बाई, अल्फा वरवा, एनएल सोनी, सुशीला खलखो, अनुश्रीदेव, पी त्रिवेदी, एस बानो, सपना दुबे, राकेश देवांगन, विवेक पांडेय, आशीष चंदेल, सविता सिंह, सुमन होता, नीलिमा, घनश्याम, विनीता, शीलवंती आदि उपस्थित रहीं।

### मतदान व मतगणना दिवस को शुष्क दिवस घोषित

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में समस्त देशी-विदेशी, कंपोजिट मदिरा दुकाने तथा एफएल 4(क)क्लब को बंद रखने के लिए 5 मई की शाम 5 बजे मतदान समाप्ति तिथि 7 मई एवं मतगणना दिवस 4 जून को शुष्क अवधि/शुष्क दिवस घोषित किया है।

# दिव्यांग और बुजुर्गों को मतदान केन्द्र तक लाने के लिए चलेंगे दिव्यांग रथ


दिव्यांगों ने निकाली रैली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशन में कोरिया जिले में भी दिव्यांग रथ उपलब्ध कराए जाएंगे। इस सुविधा के लिए बुजुर्गों या दिव्यांग मतदाता को केवल 1950 नंबर पर डायल करना होगा। इस सुविधा के व्यापक स्तर पर प्रचार के लिए जगह-जगह रैली निकालकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने बताया कि निर्वाचन में प्रत्येक मतदाता महत्वपूर्ण है और इसी महत्व को ध्यान में रखते हुए पहली बार दिव्यांग मतदाता को मतदान केन्द्र तक लाने और ले जाने के लिए दिव्यांग रथ चलाया जाएगा। इस सुविधा का लाभ बुजुर्गों को भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि दिव्यांग रथ की सुविधा का इस्तेमाल बेहद आसान तरीके से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता 1950 नंबर पर फोन करके मतदान दिवस पर इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि इस सुविधा के लिए बुजुर्ग मतदाता और दिव्यांग मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए सक्षम एप्प के माध्यम से भी इस निःशुल्क सुविधा का लाभ ले सकते हैं और लोकतंत्र के इस अति महत्वपूर्ण पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। जिले में चिन्हित सभी दिव्यांग मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए कोरिया जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ⏭ शेष पेज 4 पर

## सूर्य की तपिश बढ़ी, नपाध्यक्ष नविता ने सीएमओ को लिखा पत्र

# आधा अप्रैल बीता, शहर में अब तक नहीं खुले सार्वजनिक प्याऊ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

गर्मी में तेजी बढ़ती जा रही है, दिनों-दिन तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। इस तरह अप्रैल का आधा महीना बीत गया, बावजूद इसके नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा शहर क्षेत्र में आम लोगों को राहत देने के लिए सार्वजनिक प्याउ भी अब तक नहीं खोली जा सकी है।

जिला मुख्यालय होने के कारण बैकुंठपुर में प्रतिदिन विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों तथा दूर - दराज से लोगों का आना जाना लगा रहता है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को सार्वजनिक प्याउ नहीं होने के कारण पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। गर्मी के दिनों में प्यास अधिक लगती है, ऐसे में शीतल जल ही कंड को आराम देता है, लेकिन शहर क्षेत्र में सार्वजनिक प्याउ नपा द्वारा नहीं खोले जाने के कारण बाहर से आने वाले ग्रामीणों को पेयजल के लिए हॉटलों का सहारा लेना पड़ता है। कई बार हॉटल वाले भी ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों को पानी देने से साफ मना कर देते हैं। हॉटल कर्मियों का कहना होता है कि कुछ खाओं इसके बाद ही पानी मिलेगा। इस तरह गर्मी के इस सीजन में पेयजल के लिए सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीण क्षेत्र के कई गरीब लोग भी होते हैं जो पानी के बॉटल खरीदी करने में भी उन्हें सोचना पड़ता है, ऐसे में सार्वजनिक पेयजल स्त्रोत ढूंढ़ने पड़ते है। यदि विभिन्न कार्यालय परिसर के साथ अन्य सार्वजनिक स्थल पर नपा द्वारा लोगों की सुविधा के लिए सार्वजनिक पेयजल की सुविधा प्रदान करने के लिए प्याउ खोल दिया जाता है तो ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों के लिए बड़ी राहत हो जाएगी।

वर्तमान में तहसील परिसर, कुमार चौक, बाजार स्थल, सहित कई अन्य जगहों पर प्याउ की व्यवस्था करने की जरूरत है, ताकि बाहर से आने वाले आम लोगों को सुविधा का लाभ मिल सके।



### महिला मण्डल द्वारा संचालित की जा रही है प्याऊ


स्थानीय सुभाष चौक के पास महिला मंडल के द्वारा बीते 13 अप्रैल को सार्वजनिक प्याउ का शुभारंभ किया गया, जिससे कि उक्त स्थान पर निःशुल्क शीतल पेयजल आम लोगों को मिल रहा है, इसके अलावा जिला चिकित्सालय परिसर में भारत स्काउट एवं गाईड के द्वारा भी सार्वजनिक प्याउ खोल गया है, लेकिन शहर क्षेत्र में नपा द्वारा अब तक प्याउ का शुभारंभ नहीं किया गया।

### नपा अध्यक्ष ने सीएमओं को लिखा पत्र

नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे ने 16 अप्रैल को मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शहर में सार्वजनिक प्याउ खोलने के लिए पत्र लिखा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के विभिन्न सार्वजनिक जगहों पर प्याउ की व्यवस्था करने की मांग सीएमओं से की है।

16- APR- CORIYA-Bhoomi pg-2_Layout 1 4/16/2024 7:58 PM Page 1





# 'साइलेंस 2' में मनोज जंचे एसीपी अविनाश के किरदार में

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'साइलेंस 2' को लेकर चर्चा में हैं। यह 2021 में आई फिल्म 'साइलेंस' की दूसरी किस्त है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया, जिसे काफी पसंद किया गया। इसके बाद अब 'साइलेंस 2' मनोज की नई झलक सामने आई है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है। मनोज एसीपी अविनाश बन एक बार दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए लौट रहे हैं। मनोज ने 'साइलेंस 2' से अपनी पहली झलक साझा करते हुए लिखा, 'हर बुरे के लिए हमेशा एक बदमाश पुलिस वाला होता है और वह है एसीपी अविनाश।' 'साइलेंस 2' का प्रीमियर 16 अप्रैल से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा।

लाइफ Style

# आलिया

## अब राजकुमारी बन चलाएंगी जादू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म इंडस्ट्री की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक आलिया भट्ट ने अपने अभिनय से हमेशा दर्शकों को प्रभावित किया है। आलिया के पास एक से बढ़कर एक फिल्में हैं, जिनमें वह अभिनय कौशल दिखाती नजर आने वाली हैं।

इस बीच अब एक ऐसी खबर आई है, जिसे सुनकर अभिनेत्री के प्रशंसक खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, खबर है कि जानी-मानी फिल्म निर्माता गुरिंदर चड्ढा की म्यूजिकल फिल्म में आलिया नजर आ सकती हैं।

**मुख्य किरदार निभा सकती हैं आलिया :** 'बेंड इट लाइक बेकहम' और 'ब्राइड एंड प्रेजुडिस' जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध गुरिंदर इस समय एक म्यूजिकल फिल्म पर काम कर रही हैं। फिल्म की कहानी भारतीय राजकुमारी के इर्द-गिर्द बुनी जाएगी। गुरिदंर इस फिल्म का निर्माण डिज्नी के तहत कर रही हैं। ऐसे में जिस दिन से फिल्म बनने की खबरें सामने आई हैं, तभी से दर्शकों को इसके कलाकारों के बारे में जानने की उत्सुकता है। रिपोर्ट के अनुसार, गुरिंदर काफी समय से आलिया के साथ मुख्य भूमिका निभाने को लेकर चर्चा कर रही हैं। सूत्र ने कहा, गुरिंदर-आलिया के बीच कुछ समय से बातचीत चल रही है। हालांकि, कास्टिंग पर फैसला इसकी पूरी स्क्रिप्ट तैयार होने के बाद ही होगा, लेकिन आलिया फिल्म के लिए निर्माता की पहली पसंद हैं। बता दें, अफवाहें तब से तेज हो गई हैं, जब से गुरिंदर ने लंदन में आलिया के होप गाला में भाग लिया।



## हॉलीवुड मसाला



# फिर सुर्खियों में नजर आया मॉर्गन

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड सिंगर मॉर्गन वालेन अक्सर ही किसी न किसी वजह से सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में सिंगर इंडियानापोलिस के लुकास ऑयल स्टेडियम में अपने प्रदर्शन के बाद काफी चर्चाओं में बने हुए हैं। खबरों के मुताबिक, 30 साल के हॉलीवुड सिंगर मॉर्गन वालेन ने नैशविले शहर में एक नए खुले छह मंजिला बार की छत से एक कुर्सी फेंक दी, जिसके बाद पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया। मेट्रो नैशविले पुलिस ने ट्वीट करते हुए बताया, '30 साल के वालेन पर लापरवाह खतरे के तीन गंभीर मामलों और अव्यवस्थित आचरण के एक दुष्कर्म मामले में सोमवार सुबह जेल भेज दिया गया है।




# 'फोली अ दु' का सामने आया ट्रेलर

**लॉस एंजिलस।** साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'जोकर' के सीक्वल का टीजर ट्रेलर रिलीज हो गया है। जी हां, 'जोकरः फोली अ दु' का टीजर ट्रेलर न हैरानी पैदा करता है बल्कि दुनिया के सबसे सनकी और खूंखार विलेन से रूबरू करवाता है। एक बार फिर ऑर्थर के रोल में जोकिन फीनिक्स दिल-दिमाग सब जीत लेते हैं। उनके साथ हार्ले क्विन (लेडी गागा) भी हैं। मेकर्स ने इसे टीजर ट्रेलर कहा है। वैसे कुछ लोग इसे पहला ट्रेलर मान रहे हैं जो कि 2 मिनट 25 सेकेंड का है। 'जोकरः फोली अ दु' को डायरेक्टर डोट फिलिप्स ने बनाया है जो कि सिनेमाघरों में 4 अक्टूबर 2024 को रिलीज होगी। साल 2019 में आई जोकर का सीक्वल में लेडी गागा और जोकिन फिनिक्स के अलावा जाज़ी बीट्ज़, ब्रेंडन ग्लीसन, स्टीव कूगन और कैथरीन कीनर भी नजर आएंगे।



# मनीषा ने भंसाली का जताया आभार...

**मुंबई।** मनीषा कोइराला ने कई शानदार फिल्मों से दर्शकों का दिल जीता है। हालांकि, 2012 में कैंसर के कारण अभिनेत्री ने फिल्मी दुनिया से पूरी तरह दूरी बना थी तो अब वह फिर पर्दे पर वापसी कर चुकी हैं। मनीषा जल्द ही संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी' में नजर आएंगी। ऐसे में अभिनेत्री ने 'हीरामंडी' के लिए आभार जताया है। मालूम हो कि भंसाली की 'हीरामंडी' 1 मई को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। मनीषा ने इंस्टाग्राम पर अपने करीबियों की तस्वीरें साझा कर आभार जताते हुए नोट साझा किया। मनीषा ने लिखा भगवान की कृपा से कैंसर के बाद मुझे दूसरी जिंदगी मिली है। मैंने जीवन में बहुत कुछ देखा है और कई गलत रास्ते भी अपनाए हैं। जिंदगी में आए उतार-चढ़ावों ने बहुत कुछ सिखाया।




# '12वीं फेल' ने तोड़ा गदर का रिकार्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल ने सिल्वर जुबली पूरी कर इतिहास रच दिया है। विधु विनोद चोपड़ा की लिखी और निर्देशन में बनी 12वीं फेल अनुराग पाठक की इसी नाम की किताब पर आधारित है। यह फिल्म आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा के जीवन पर आधारित है। विक्रांत मैसी ने इस फिल्म में मनोज शर्मा की मुख्य भूमिका निभायी है। इस फिल्म में विक्रांत मैसी के अलावा मेधा शंकर की भी अहम भूमिका है। फिल्म 12वीं फेल 27 अक्तूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म 12वीं फेल ने सिनेमाघरों में सिल्वर जुबली पूरी कर इतिहास रच दिया है। फिल्म 12वीं फेल के पहले वर्ष 2001 में प्रदर्शित सनी देओल और अमीषा पटेल की फिल्म गदर-एक प्रेम कथा ने सिल्वर जुबली मनाई थी।

## टीवी मसाला

# मुंबई में आकर खाए खूब धक्के 10 रुपए में खाती थी खाना

**मुंबई।** बिग बॉस में भले ही अंकिता लोखंडे को जीत हासिल नहीं हुई हो लेकिन फैंस उन्हें आज भी टीवी की क्वीन मानते हैं। अपने पहले ही शो से बेशुमार शोहरत हासिल करने वाली अंकिता का मुंबई आना और यहां स्ट्रगल करना किसी इंस्पायरिंग स्टोरी से कम नहीं है। बता दें कि मुंबई आने के बाद छोटा-बड़ा एक्टर बनने के लिए सभी को स्ट्रगल का सामना करना पड़ता है। अंकिता लोखंडे को भी इससे दो चार होना पड़ा था। उन्होंने हाल में ही एक इंटरव्यू के दौरान अपने संघर्ष की कहानी बयां की। इस दौरान इंटरव्यू में उनके पति विक्की जैन भी मौजूद थे। इंटरव्यू के दौरान विक्की जैन कहते हैं कि अंकिता को कभी भी पैसे की नहीं पड़ी रहती। इस पर अंकिता ने मुंबई में अपने शुरुआती दिनों की कहानी सुनाई।



### दो वड़ापाव, एक बोतल पानी पर गुजारे दिन

अंकिता ने कहा- ''मुझे तब 75-100 रुपये मिलते थे। महीने के 5 हजार रुपये कमा लेती थी। मुझे बस रेंट निकालना होता था। उसके बाद मैं देख लूंगी। मेरे पास दस रुपये होते थे, उसमें दो वड़ापाव आ जाते थे। ठंडे पानी की बोतल आ जाती है। ये मेरा खाना होता था. मुझे टैक्सी वाले को दिखाना होता था, मैं फोन पर एक्ट करती थी और कहती थी कि मुझे अंधेरी तक छोड़ दो। पर मैं बीच में ही उतर जाती थी। फिर टैक्सी का पैसा बचाने के लिए ऑटो लेकर आती थी। पर मैं खुश थी क्योंकि मुंबई जैसे शहर में रहकर कुछ भी कमा रहे हो तो आप अपने लिए कुछ ना कुछ कर रहे हों।

### अंकिता को कैसे मिली थी कामयाबी

अंकिता लोखंडे को पहला शो पवित्र रिश्ता मिला था। इसमें उन्होंने अर्चना देशमुख का कैरेक्टर प्ले किया था। उस शो ने उन्हें घर-घर में फेमस कर दिया था। जल्द ही वो टीवी की दुनिया का बड़ा नाम बन गई थीं। इस शो की मेकर एकता कपूर थीं। यहीं उनकी मुलाकात सुशांत सिंह राजपूत से हुई थी। दोनों शो में एक साथ थे और यहीं उनकी लव स्टोरी शुरू हुई थी। सुशांत ने आगे चलकर शो को छोड़कर फिल्मों का रुख कर लिया था और धीरे-धीरे उनका रिश्ता भी टूट गया।

### ऐसा रहा है अंकिता का कॅरियर

अंकिता का कॅरियर टीवी के बाद फिल्मों में भी रहा है। हाल में ही उन्हें फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' में देखा गया था। इससे पहले उन्होंने कंगना रनौत की फिल्म मणिकर्णिका से फिल्मों में एंट्री ली थी। टीवी की बात करें तो बिग बॉस में अपने पति विक्की जैन के साथ पहुंची थीं। यहां दोनों बतौर कपल ही शो में गए थे। शो के दौरान उनके पर्सनल रिश्ते में भी काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले थे। शो में कई बार हंगामा भी हुआ था। बिग बॉस में अंकिता चौथे नंबर पर थीं।

# फरदीन खान का 14 साल बाद 'हीरामंडी' से कमबैक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता फरदीन खान ने अपनी आने वाली वेबसीरीज हीरामंडीः द डायमंड बाजार के जरिए बतौर अभिनेता 14 साल बाद कमबैक किया है, जिसे लेकर वह भावुक हो गए। फिल्म में फरदीन खान भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडीः द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। फरदीन खान ने कहा कि संजय लीला भंसाली और नेटफ्लिक्स का बहुत-बहुत आभारी हूं, जो मुझे ये मौका मिला। हीरामंडीः द डायमंड बाज़ार 01 मई 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।



***दूल्हा मिल गया में आए थे नजर :*** फरदीन खान 14 साल बतौर अभिनेता वापसी कर रहे हैं। फरदीन खान अंतिम बार वर्ष 2010 में प्रदर्शित फिल्म दूल्हा मिल गया में बतौर अभिनेता नजर आए थे। इस फिल्म में फरदीन खान के साथ सुष्मिता सेन ने भी अहम भूमिका निभाई थी। बतौर अभिनेता 14 साल बाद कमबैक करने को लेकर भावुक हो गए। फरदीन खान ने कहा, मैं खुद को बहुत लकी मानता हूं कि दुबारा से मुझे आप सबसे जुड़ने का और फिल्म इंडस्ट्री में वापसी करने का अवसर मिल रहा है। यह पल मुझे बहुत इमोशनल करने वाला है।

# सल्लू ही नहीं इन स्टार्स को भी मिल चुकी है जान से मारने की धमकी


**मुंबई।** सलमान खान पहले बॉलीवुड स्टार नहीं है जिन्हें जान से मारने की धमकी मिली है। इससे पहले भी फिल्म इंडस्ट्री में कई स्टार्स ऐसे हालातों का सामना कर चुके हैं। हाल ही में रविवार 14 अप्रैल की सुबह बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग होने के बाद चारों तरफ हलचल मच गई है। बता दें कि सलमान खान के अलावा शाहरुख खान को गैंगस्टर छोटा राजन के साथी रवि पुजारी ने जान से मारने की धमकी दी थी। जब एक्टर फिल्म 'हैप्पी न्यू ईयर' की शूटिंग कर रहे थे, तब उन्हें एक नोट मिला था, जिस पर लिखा था- 'अगला नंबर तुम्हारा है। इसके अलावा फिल्म 'पठान' और 'जवान' के हिट हो जाने के बाद भी शाहरुख को धमकी भरे फोन आ रहे थे।



जिसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने शाहरुख खान की सुरक्षा के लिए वाय+ सिक्योरिटी का इंतजाम किया था।

### आमिर ने खरीदी 10 करोड़ की बुलेट प्रूफ गाड़ी

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्ट के नाम से पहचाने जाने वाले आमिर खान का नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं। जब एक्टर 'सत्यमेव जयते' की शूटिंग कर रहे थे तो उन्हें जान से मारने की धमकी मिली थी। इस धमकी के मिलने के बाद आमिर खान ने 10 करोड़ की कीमत वाली बुलेट प्रूफ गाड़ी खरीदी थी।



### अक्षय-कंगना को भी मिली धमकी

इसी कड़ी में बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार को भी कुख्यात अंडरवर्ल्ड गैंगस्टर रवि पुजारी से जान से मारने की धमकी मिली है। इसके बाद एक्टर के लिए सिक्योरिटी का इंतजाम किया गया था। इसके अलावा एक्ट्रेस कंगना रनौत को भी धमकियां मिल चुकी हैं. इसके बाद कंगना ने पुलिस में कंप्लेंट दर्ज करवाई थी। कंगना को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद सरकार ने वाय+ सिक्योरिटी दी थी।



## 'चंद्रगुप्त मौर्य' को जनता का खूब प्यार मिला था

# इतिहास में दिलचस्पी है तो देखिए ओटीटी पर मौजूद ये शानदार शो

*मुंबई। आज के समय में ओटीटी पर हर तरह का कंटेंट उपलब्ध है। यहां क्राइम से लेकर लेकर कॉमेडी हर जॉनर की फिल्में और वेब सीरीज उपलब्ध हैं। ऐतिहासिक फिल्मों की भी ओटीटी पर भरमार है। ऐसे में अगर आपको इतिहास में रुचि है तो आपके लिए यहां बहुत से विकल्प हैं, लेकिन आज हम आपको ऐतिहासिक शो के बारे में बता रहे हैं, जो आपका मनोरंजन तो करेंगे ही साथ ही साथ आपका ज्ञान भी बढ़ाएंगे।*



### 'जोधा अकबर'

जोधा बाई और अकबर की प्रेम कहानी हमारे इतिहास की अब तक की सबसे मशहूर प्रम कहानियों में से एक है। इस पर बनी फिल्म तो आपने देखी होगी, लेकिन हम आपको जी टीवी पर प्रसारित हुए शो के बारे में बता रहे है, जिसमें रजत टोकस और परिधि शर्मा नजर आई थीं। यह जी5 पर मौजूद है।

### 'वीर शिवाजी'

वीर शिवाजी के जीवन पर साल 2011 में एक टीवी शो बना था, जिसका प्रसारण 'कलर्स' पर किया गया था। अब अगर आप शिवाजी महाराज के जीवन को समझना चाहते हैं तो आप वूट पर यह शो देख सकते हैं। 17वीं सदी के मराठा साम्राज्य को स्थापित करने वाले 'छत्रपति शिवाजी महाराज' के जीवन को दिखाते इस शो की कहानी के साथ-साथ इसके किरदारों ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया था।






### 'चंद्रगुप्त मौर्य'

शायद आपने टीवी पर 'चंद्रगुप्त मौर्य' भी जरूर देखा होगा और अगर नहीं देखा तो ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर मुफ्त में इस शो का मजा ले सकते हैं। यह शो पहले मौर्य सम्राट और मौर्य साम्राज्य के संस्थापक चंद्रगुप्त मौर्य के जीवन पर आधारित है। इसमें अभिनेता फैसल खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी। सोनी टीवी पर आए इस शो को जनता का खूब प्यार मिला था।

### 'झांसी की रानी' और 'चंद्रनंदिनी'

जी5 पर मौजूद ऐतिहासिक ड्रामा सीरीज 'झांसी की रानी' भी आपका दिल जीत लेगी। रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर आधारित इस सीरीज में उल्का गुप्ता ने मुख्य भूमिका निभाई थी। अरुणा ईरानी और अश्नूर कौर भी इसका हिस्सा थीं। उधर एकता कपूर का शो 'चंद्रनंदिनी' चंद्रगुप्त मौर्य की प्रेम कहानी पर आधारित है, जिन्हें राजकुमारी नंदिनी से प्यार हो जाता है। यह शो डिज्नी+ हॉटस्टार पर उपलब्ध है। रजत टोकस और श्वेता बासु प्रसाद इस शो का हिस्सा थे।



## खबर संक्षेप

### राम नवमी पर आज शुष्क दिवस घोषित

**जशपुरनगर।** राज्य शासन द्वारा 17 अप्रैल 2024 बुधवार को राम नवमी के अवसर पर संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस के दौरान जिलों में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट-बार, होटल-बार, क्लब आदि फुटकर दुकानों को बंद रखा जाएगा। घोषित शुष्क दिवस में मदिरा की कोई भी क्लब आदि एवं मदिरा बेचने, परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठान, व्यक्ति, चाहे बेचने व परोसने की अनुमति न दी जाए। गैरमालिकाना क्लबों, रेस्टारेन्टों, स्टार होटलों आदि और किसी के भी द्वारा चलाए जाने वाले होटलों को भी घोषित शुष्क दिवस में मदिरा बेचने व परोसने की अनुमति न दी जाए। उक्त अवधि के दौरान मदिरा के व्यक्तिगत भण्डारण पर एवं गैर लायसेंस प्राप्त परिसरों में मदिरा के भण्डारण पर सख्ती से रोक लगाई जाए और उन्हें जप्त करने की कार्यवाही की जावे । जिले में उड़नदस्ता के द्वारा अवैध मदिरा के परिवहन एवं विक्रय के रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाये जाऐगें, इस हेतु जांच दल गठित कर अवैध मदिरा संग्रहण के संभावित ठिकानों एवं वाहनों की जांच किया जाए एवं दोषियों के विरूद्ध अपराध कायम किया जाए।

### साईटांगरटोली में सिकल सेल स्क्रीनिंग जगरुकता शिविर

**जशपुरनगर।** विकासखंड के ग्राम साईटांगर टोली में मंगलवार को सिकल सेल स्क्रीनिंग को लेकर जगरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बीएमओ लोदम एवं स्वास्थ्य विभाग के टीम उपस्थित थे। शिविर में बीएमओ लोदाम ने लोगों को सिकल सेल टेस्टिंग के लिए जागरूक किया गया और स्वास्थ्य संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने लोगों द्वारा स्वास्थ्य संबंधित पूछे गए प्रश्नों और शंकाओं का समाधान किया।

बाल विवाह रोकने गठित टास्क फोर्स की कार्रवाई

# संयुक्त टीम ने रोका बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



बाल विवाह रोकने कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देश पर बनी टास्क फोर्स की टीम ने ग्राम कस्तूरबा में होने वाले बाल विवाह पर समय पूर्व पहुंच कर रोक लगा दी है। टीम ने बाल विवाह पर रोक नाबालिग वर की मां की सहमति से लगाई है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी बीडी पटेल की पहल से 12 अप्रैल 2024 को महिला एवं बाल विकास विभाग, चाइल्ड हेल्प लाईन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स को 17 अप्रेल को होने वाले बाल विवाह की सूचना मिलने पर बाल विवाह रोकने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि जशपुर विकासखंड के ग्राम कस्तुरबा में बालक कामेश्वर सिंह पिता स्व. दुतिया, माता श्रीमती बसंती देवी का विवाह 17 अप्रैल 2024 को तय किया गया था। किन्तु बालक कामेश्वर सिंह का दाखिल खारिज के अनुसार जन्म तिथि 12 जुलाई 2006 है। जिसके आधार पर बालक कामेश्वर सिंह का उम्र-17 वर्ष, 10 माह, 13 दिन होना पाया गया। बालक के माता की सहमति से विवाह स्थगित करने हेतु कहा गया।

बालक के माता ने बताया कि कानूनी अज्ञानता के कारण अपने बेटे की शादी करने जा रही थी। बाल विवाह रोकने के दौरान संयुक्त टास्क फोर्स टीम में पर्यवेक्षक श्रीमती हेमलता केरकेट्टा, श्रीमती नीलू एक्का, सामाजिक कार्यकर्ता अमित तिडू टीम मेम्बर, आरक्षक श्रीमती जया पैंकरा, आरक्षक कुलरंजन एक्का एवं बेलसागर कुजूर शामिल थे। बाल संरक्षण अधिकारी चन्द्रषेखर यादव द्वारा बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध है। बाल विवाह से बच्चों के सर्वागीण विकास प्रभावित होता है। बाल विवाह रोक-थाम हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू किया गया है। जिसमें लड़के की आयु 21 वर्ष एवं लड़की की आयु 18 वर्ष निर्धारित की गयी है। अधिनियम के तहत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता पिता, सगे संबंधी, बाराती यहाँ तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही किया जाना प्रावधानित है। अधिनियम के तहत 2 वर्ष के कठोर सश्रम कारावास तथा 1 लाख का जुर्माना अथवा दोनो से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

# मधुमक्खियों से जनजीवन को सुरक्षित रखने रूपरेखा तय

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय सहित पत्थलगांव, कांसाबेल और कुनकुरी विकासखण्ड में मधुमक्खियों के अनगिनत छत्तों को लेकर आम लोगों के साथ ही खास लोगों में बढ़ती असुरक्षा को देखते हुए डीएफओ की पहल पर जिला प्रशासन ने महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसे लेकर वर्चुअल कांफ्रेंस हुआ था। 9 अप्रैल 2024 को सरहुल पूजा के दौरान धुंए से परेशान मधुमक्खियों का झुंड पूजा कर रहे बैगाओं व अन्य लोगों पर टूट पड़ा था। जिसके बाद जिले भर में मधुक्खियों के छत्ते समाचारों की सुर्खियों में हैं। मधुक्खियों के ऊंचाई पर छत्ते बनाने की वजह से ऊंचे पेड़ों और भवनों में इनका डेरा दिखता है। कई बार ये पक्षी की चोंच मारने से तेज हवा के झोंके से और छत्तों के नीचे आग लगाने, धुँआ करने से भड़क जाते हैं और हमला कर देते हैं। इन सब परिस्थितियों को देखते हुए मधुक्खियों और इंसानों के बीच के संघर्ष की भावी संभावनाओं को खत्म करने की दिशा में वनमण्डलाधिकारी जितेंद्र उपाध्याय ने पहल करते हुए विभाग प्रमुखों के साथ वर्चुअल कांफ्रेंस की थी। वनमण्डलाधिकारी श्री उपाध्याय ने बताया कि जिले में कई विभागीय दफ्तरों और सार्वजिक स्थानों में मधुमक्खियों के बड़े-बड़े छत्ते हैं जिन्हें तकनीकी मार्गदर्शन देते हुए हटाने की प्रक्रिया शुरू किए जाने के लिए आपसी समन्वय बना है। राजस्व, पुलिस, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग और नगरीय क्षेत्र के अधिकारियों के बीच यह तय हुआ है कि जहाँ-जहाँ ऐसे छत्ते हैं वहां के कार्यालयीन प्रमुख स्थानीय अवकाश, स्थानीय परिस्थिति तथा एक्सपर्ट की राय के अनुरूप तिथि तय कर कार्रवाई करना ही सही प्रक्रिया है।

**खास बात**

- स्थानीय अवकाश को देखते हुए छत्तों को हटाने बनी रणनीति




# ड्राइवर की खेत में मिली लाश हत्या की जताई जा रही आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खेत में रविवार सुबह एक युवक का शव मिला है। युवक के चेहरे पर चोट के निशान मिले हैं। मारपीट कर हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान रमाकांत तिवारी के रूप में की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। मामला सारागांव थाना क्षेत्र का है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रमाकांत तिवारी ट्रैवल्स एजेंसी में गाड़ी चलाने का काम करता है। गाड़ी मालिक ने बताया कि शनिवार की रात गाड़ी कोटमीसोनार से अमरकंटक जाने के लिए कुछ लोगों ने फोन नंबर देकर गाड़ी की बुकिंग की थी। इसके बाद रामकांत पैसेंजर को लेने के लिए कोटमी सोनार गया हुआ था। जहां अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम पचारी में गाड़ी मिली मगर चालक रमाकांत नहीं था। रविवार 14 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे लाखुर्री के खेत में ग्रामीणों ने एक युवक की लाश पड़ी देखी और इसकी सूचना सारागांव थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की गई। युवक के कपड़ों पर खून के निशान भी मिले हैं। पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।



खेत में पड़ा चालक का शव।

# शासकीय महाविद्यालय दुलदुला की रासेयो ने रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लोकसभा चुनाव 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रत्येक मतदाता को जागरूक करने के साथ ही चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशनुसार तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखण्डों में स्वीप कार्यक्रम के तहत रैलियॉ, रंगोली प्रतियोगिता, मेहन्दी प्रतियोगिता, सहित कई कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन में मतदान को लेकर जागरूक किया जा रहा है। निजी एवं राजकीय विद्यालयों में रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में मंगलवार को शासकीय महाविद्यालय दुलदुला के रासेयो के स्वंसेवकों ने संस्था के प्राचार्य श्रीमती निशि एक्का के मार्गदर्शन मे मतदाता जागरूकता रैली निकली। रैली में स्वयंसेवकों ने आगामी लोकसभा चुनाव में 7 मई 2024 को शत प्रतिशत मत देने के लिए अपील की। रासेयो प्रभारी हेमलाल रात्रे, प्राध्यापक श्रीमती रीता कुवर, सुश्री जागृति पैकरा,गणेश यादव,क्लर्क विकास तिवारी,उत्तम साय पैकरा और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

- शत प्रतिशत मतदान करने की अपील




जागरूकता रैली में शामिल रासेयो के सदस्य।

**न्यायालय तहसीलदार चिरमिरी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**
//ईश्तहार//
क्रमांक/Q/ वाचक/2024 चिरमिरी,
दिनांक 09/04/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम चिरमिरी प.ह.न. 04 रा.नि.मं. व तहसील चिरमिरी के आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका नन्हीं निशा आ. W/O स्व. जलील खान उम्र 60 वर्ष जाति पठान निवासी ग्राम चिरमिरी (छोटा बाजार) प.ह.नं 04 रा.नि.मं. व. तहसील चिरमिरी, जिला एम.सी.बी. छ.ग. के द्वारा अपने पुत्री स्व. रूखसार खान की मृत्यु ग्राम चिरमिरी में दिनांक 12/03/2015 को हो गई थी, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र आदेश प्राप्त करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर किसी भी व्यक्ति, संस्था समूह अथवा निकाय को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो दिनांक 23/04/2024 को स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालीन पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया, (छ.ग.)**
**//आम ईश्तहार/नोटिस//**
प्रोसेस क्रमांक - 160/2024
आदेश दिनांक - 03/04/2024
पेशी दिनांक - 08/05/2024
उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक

1- श्रीमती माला पत्नी स्व. संजय, उम्र करीब 40 वर्ष, 2- कु. गौरी पुत्री स्व. संजय, उम्र करीब 14 वर्ष, 3- अहम हाथीठेल पुत्र स्व. संजय, उम्र करीब 12 वर्ष, 4- कु. संजना पुत्री स्व. संजय, उम्र करीब 10 वर्ष, 5- मयंक पुत्र स्व. संजय, उम्र करीब 08 वर्ष, सभी जाति-डोमार, निवासी- 96 क्वार्टर वेस्ट चिरमिरी पोड़ी, थाना- पोड़ी, तहसील-चिरमिरी, जिला-एम.सी.बी. छ.ग. ...............आवेदकगण

प्रति,

1- श्रीमान् उपक्षेत्रीय प्रबंधक महोदय, चरचा कॉलरी, एस.ई.सी.एल. बैकुण्ठपुर क्षेत्र जिला-कोरिया छ.ग. 2- श्रीमान मुख्य महाप्रबंधक महोदय, एस.ई.सी.एल. बैकुण्ठपुर क्षेत्र, जिला-कोरिया छ.ग. 3- श्रीमती सुशीला पत्नी स्व. नरेश, उम्र करीब 70 वर्ष, निवासी-96 क्वार्टर वेस्ट चिरमिरी पोड़ी, थाना-पोड़ी, तहसील-चिरमिरी, जिला-एम.सी.बी. छ.ग. 4- सर्वसाधारण (जो हित रखता हो)...............अनावेदकगण

बनामः-

आवेदक ने अनावेदकगण के विरूद्ध अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम वास्ते मृतक स्व. संजय के नाम पर अनावेदक क्रमांक 1 एवं 2 की शाखा में जमा राशि को मय ब्याज प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है और आवेदन पत्र की सुनवाई पेशी तारीख 08/05/2024 को दिन के ठीक 11:00 बजे होगी।

अतः आपको ताकिद सूचनार्थ करते हैं कि आपको मुतलफिक की जायदाद में हक हासिल हो तो ऐसा दावा रखते है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त तारीख को हक के कैफियत के साथ हाजिर हो। फिर भी आप उक्त दिनांक को हाजिर नहीं हुये तो उस आवेदन की सुनवाई आपकी गैर हाजिरी में की जावेगी। यदि उक्त तारीख को न्यायालय अवकाश रहता है तो अगले न्यायालयीन कार्य दिवस पर आवेदन की सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 05/04/2024 को न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

**(मोहन सिंह कोर्राम)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1**
**बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.**



## खबर संक्षेप

### राहगीरों के बैठने के लिए शेड तैयार



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर कार्यालय के कुछ दूरी पर एनएच 43 पर ग्राम खरवत में स्थित खरवत चौक के पास लोगों बैठने के शेड बनाकर कुर्सियां लगाई गई है, ताकि उक्त चौराहे पर लोगों को बैठने के लिए उपयुक्त स्थान मिल सके। उल्लेखनीय है कि खरवत चौक पर कई लोग वाहन के इंतजार में रहते हैं, जिन्हें वहां पर बैठने की सुव्यवस्थित सुविधा नहीं थी, जिसे देखते हुए चौक के पास तालाब के मेढ़ के उपर में शेड निर्मित कर नीचे करीब एक दर्जन कुर्सियां स्थापित कर दी गई है, ताकि राहगीरों को बैठने के लिए आरामदायक सुविधा मिल सके।

### 4 सौ से अधिक कन्याओं का पूजन कर कराया गया सामूहिक भोज



**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसाइटी के आकाश तिवारी एवं मनोज प्रजापति के नेतृत्व में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर स्थानीय लरंगसाय कम्युनिटी कमेटी हाल में विशाल सामूहिक कन्या भोजन एवं पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 400 से अधिक कन्याओं के पैर धोकर, चुनरी ओढ़ाकर पूजन करते हुए उपहार स्वरूप अध्ययन सामग्री एवं अन्य सामग्री भेंट की गई। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसाइटी द्वारा चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित सामूहिक कन्या भोजन एवं पूजन कार्यक्रम को लेकर कई दिन पूर्व से व्यापक स्तर में तैयारी की जा रही थी। सामूहिक कन्या भोजन एवं पूजन कार्यक्रम में रामानुजगंज सहित आसपास के गांव के कन्याएं भी शामिल हुई। छत्तीसगढ़ वेलफेयर सोसाइटी के आकाश तिवारी एवं मनोज प्रजापति ने बताया कि 9 कन्याओं को मां दुर्गा के नौ स्वरूप मानकर पूजा की जाती है और इन सभी के नाम अलग-अलग होते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार 2 साल की कन्या को कन्याकुमारी, 3 साल की कन्या को त्रिमूर्ति, 4 साल की कन्या को कल्याणी, 5 साल की कन्या को रोहिणी, 6 साल की कन्या को कालिका,7 साल की कन्या को चंडिका, 8 साल की कन्या को शांभवी और 9 साल की कन्या को मां दुर्गा रूप माना जाता है। वही 10 साल की कन्या को सुभद्रा कहा जाता है। देवी पुराण में बताया गया है कि नवरात्रि में मां भवानी जितना प्रसन्न कन्या भोजन से होती है उतना प्रसन्न हवन और दान से भी नहीं होती है। आकाश तिवारी एवं मनोज प्रजापति ने बताया कि विगत 4 वर्षों से सामूहिक कन्या भोजन एवं पूजन का कार्यक्रम कराया जा रहा है।

### पारंपरिक देवी भजन के साथ ज्वार लेकर श्रद्धालुओं ने किया नगर भ्रमण



**प्रतापपुर।** चैत्र नवरात्रि व रामनवमी के अवसर पर जस गीत जवारा के साथ में ग्रामीण क्षेत्र के लोग 9 दिन माता रानी का पूजन करने के साथ ही घर में जवारा बुनकर गाल व जीभ में लोहे का बाना धारण कर पारंपरिक देवी भजन के साथ में जवारा निकालते है। आज तंबूरा और मांदर के थाप पर झूमते नाचते श्रद्धालु नगर में जवरा लेकर भ्रमण किया। भक्तों को आशीर्वाद देते हुए हाथ में खप्पर लेकर ज्वार के साथ माताओं और भक्तों द्वारा दर्जनों की संख्या में श्रद्धालु नगर भ्रमण किया। माना जाता है की देवी इनके ऊपर में सवार होते है बड़े ही कठिनाई के साथ में पूरा दिन इस तरह से गाल में त्रिशूल आरपार कर गर्म खप्पर लेकर निकलते है जिससे यह व्रत काफी कठिन माना जाता है। नगर में भ्रमण कर रहे ज्वारा को देखने और आशीर्वाद बडी संख्या में लोगों की भीड़ उमडी।

### साप्ताहिक बाजार की जगह परिवर्तन दुर्गावती चौक पर लगेगा बाजार

**मानीचौक।** ग्राम केतका में रविवार को लग रहे साप्ताहिक बाजार के जगह को परिवर्तन कर रानी दुर्गावती चौक के समीप स्थानांतरित किया गया है। भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अवसर पर ग्राम पंचायत केतका के ग्रामीणों ने साप्ताहिक बाजार का जगह स्थानांतरण कर नए जगह में स्थापित किया गया है। क्षेत्र में वर्षो से जिस स्थान पर साप्ताहिक लग रहा था वह जगह छोटा होने के कारण व्यापारियों सहित लोगों को काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ता था। ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच,सहित ग्रामीण आपसी सहमति बनाकर साप्ताहिक बाजार का जगह चयन किया गया है और आने वाले रविवार को दुर्गावती चौक पर बाजार संचालित होगा। इस दौरान सरपंच बाबू लाल सिंह टेकाम, उप सरपंच राज्यपाल कोर्राम, गणेश कोर्राम, देवसाय आयम, रुपेश मरकाम, अंबर आयम, निलेश, अनुराग उरेती,जीतराम मरावी, मिलेश टेकाम, जय प्रकाश, सोनू प्रताप,आशीष पैकरा, डिकलेश, अक्षय, विकास सिंद्राम उपस्थित रहे।



## पुलिस लाइन में स्कूल बसों की सुरक्षा मानकों की जांच

# 17 स्कूली वाहनों में 8 अनफिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

यातायात के नियमों का पालन कराने स्कूली बच्चों के सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर की अध्यक्षता में मंगलवार को रक्षित केन्द्र के कॉन्फ्रेंस हॉल में विद्यालय के संचालकों की बैठक ली गई। इस दौरान पुलिस लाइन में आए 17 वाहनों की जांच में 8 वाहन अनफिट मिले, जिन्हें कमियां दूर करने का समय दिया गया है।

**खास बात**
- एएसपी ने ली प्राचार्य और स्कूल बस संचालकों की बैठक

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ठाकुर द्वारा प्राचार्यो को आवश्यक दिशा-निर्देश के साथ ही चालक एवं परिचालकों को उनके उत्तरदायित्व के बारे में विधिवत जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि, सभी चालकों का चरित्र सत्यापन अनिवार्य रूप से करवा लें, विद्यालयीन वाहनों में जाली लगाने एवं इमरजेंसी गेट अनिवार्य रूप से रखने के लिए निर्देशित भी किया है। बैठक में स्कूली बसों के संचालन के संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए बताया गया कि प्रत्येक वाहन के आगे एवं पीछे ऑन स्कूल ड्यूटी विपरीत रंग से लिखा जाए, प्रत्येक वाहन की खिड़कियों में क्षितिज के समानांतर जाली की व्यवस्था की जाए, वाहन में प्राथमिक उपचार पेटी एवं अग्नि समन यंत्र की व्यवस्था की जाएगी, वाहन में एक प्रशिक्षित परिचारक हो जो बच्चों को उतारने और चढ़ाने में सहायता करें। बैठक में बताया गया कि यदि छात्रा आना-जाना करती हैं तो महिला स्टाफ का रहना अनिवार्य है, स्कूल बस का चालन वहीं चालक करें ,जिनके पास 5 वर्षों का भारी वाहन चालन का अनुभव हो, वाहन में स्कूली बच्चों के अलावा किसी अन्य को बैठने की अनुमति नहीं है, प्रत्येक वाहन में सीट के नीचे बस्ता रखने का पर्याप्त स्थान होना चाहिए, वाहनों का संचालन विहित गति सीमा के भीतर किया जाएगा तथा प्रत्येक बस में स्पीड रडार गन लगा होना चाहिए। बैठक उपरांत विविध शैक्षणिक संस्थानों से आए 17 स्कूल बसों की जांच पुलिस वाहन शाखा प्रभारी जनकराम तिवारी, सहायक उप निरीक्षक यातायात किशुन राम भगत, लांस नाकय डॉ. महेश मिश्रा व पुलिस के प्रशिक्षित वाहन चालकों के द्वारा किया गया। इसमें जांच के दौरान सभी वाहनों के कागजात सही पाए गए। 8 वाहनों में उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पूर्ण रूपेण पालन करना नहीं पाया गया, जिन्हें 15 दिवस का समय देकर पूर्ण कर पुनः जांच कराने के लिए निर्देशित किया गया है।



अधिकारियों की बैठक लेती एएसपी।



पुलिस लाइन में की गई वाहनों की जांच ।

### इन नियमों का कड़ाई से करना है पालन

बैठक में निर्देशित किया गया कि वाहनों में फिल्म युक्त रंगीन कांच अथवा पर्दा नहीं लगा होना चाहिए, वाहनों में प्रेशर हार्न नहीं होना चाहिए, स्कूल बसें 12 वर्ष से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए साथ ही वाहन का कागजात रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, बीमा, फिटनेस, परमिट, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र, कर अदायगी की रसीद, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस, ड्राइवर ,कंडक्टर का चरित्र सत्यापन आदि पूर्ण रूप से वैध होना चाहिए। बैठक के दौरान चालक एवं परिचालक को उनके कर्तव्यों से अवगत कराया गया। जिसमें चालक को निर्देशित किया गया कि बस में समय से पहले साफ सुथरी वर्दी में पहुंचे एवं बस का पूर्ण रूप से निरीक्षण कर लें, चालक का कर्तव्य है कि वह जांच कर लेवें की फर्स्ट ऐड बॉक्स, फायर एक्सटिंग्विशर, स्पीड गवर्नर, बस के ऊपर चारों तरफ बत्तियां, स्कूल बोर्ड आगे पीछे जिस पर विद्यालय का दूरभाष व कोरिया पुलिस नियंत्रण कक्ष का संपर्क नंबर अंकित होना चाहिए, बस को 40 किमी प्रति घंटा से तेज ना चलाएं, निर्धारित स्थल से ही बच्चों को चढ़ाएं व उतारें, संख्या से अधिक बच्चे ना बैठाएं।

# मतदान केन्द्रों में रैम्प की होंगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक में लोकसभा निर्वाचन को लेकर संबंधित नोडल अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर श्री लंगेह ने स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान तेजी से और गांव-गांव तक चलाने के निर्देश दिए। श्री लंगेह ने मतदान पूर्व सभी मतदान केन्द्रों में रैम्प बनाने के साथ बिजली, पानी तथा शौचालय कक्ष बनाने के निर्देश दिए। श्री लंगेह ने लोकसभा निर्वाचन के दौरान आने वाले केन्द्रीय एवं राज्य सुरक्षा बलों के ठहरने के स्थानों पर पेयजल, कूलर, शौचालय, बिजली आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। निर्वाचन कार्य से जुड़े नोडल अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन के दौरान वाहन व्यवस्था, वाहनों में जीपीएस इंस्टाल करना, मतदान दलों के अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा बलों के लिए स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, अनुमति संबंधी ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदनों का निराकरण, एसएमएस मानिटरिंग का कार्य करना आदि व्यवस्था मतदान पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जनपद पंचायत बैकुंठपुर एवं सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी मतदान केन्द्रों में मतदान व निर्वाचन संबंधी प्रमुख जानकारी दीवार में लिखे जाए, ताकि आम मतदाताओं को अपने मतदान केन्द्रों के बारे में जानकारी हो। विदित हो कि कोरबा लोकसभा संसदीय सीट के अंतर्गत आने वाले कोरिया जिले में तृतीय चरण के तहत मंगलवार 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। 12 अप्रैल को अधिसूचना का प्रकाशन किया गया है, 19 अप्रैल को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है। 20 अप्रैल को नामांकन पत्रों की संवीक्षा तथा 22 अप्रैल को नाम वापसी की तिथि है। मतगणना मंगलवार 4 जून को होगी।





**खास बात**
- 7 मई को सुबह 7 से शाम 6 तक होगा मतदान

### सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि प्रत्येक व्यक्तियों तक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो, मरीजों को समय पर जांच, उपचार, दवाई मिले यह सुनिश्चित करना प्रत्येक डॉक्टर व उनके अमले की जिम्मेदारी है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा विगत दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पोड़ी बचरा, पटना, सोनहत, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, घुघरा तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सरडी, शिवपुर-चरचा का औचक निरीक्षण किया गया, जहां अस्पताल की व्यवस्था, गुणवत्ता, ओपीडी, आईपीडी, मेडिकल व्यवस्था, संस्था में होने वाले प्रसव की जानकारी, शिशु तथा प्रसूता माता सहित अन्य मरीजों से मिलकर अस्पताल की व्यवस्था एवं साफ-सफाई की जानकारी प्राप्त की। अस्पताल प्रबंधन को 24 घंटे अस्पताल सुचारू रूप से संचालन के लिए निर्देश दिए। टीकाकरण, मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, एनीमिया, सिकलसेल जांच, आयुष्मान कार्ड बनाने के लक्ष्य हासिल करने के साथ मौसमी बीमारियों जैसे लू से बचाव एवं महामारियों से निपटने की कार्ययोजना, टीबी कार्यक्रम, लेप्रोसी कार्यक्रम आदि की जानकारी समुचित रूप से ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश भी दिए। विदित हो कि जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा मितानिन संकुल बैठक में शामिल होकर स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई है। कलेक्टर श्री लंगेह ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए अधिकारी,कर्मचारियों को समय पर स्वास्थ्य केन्द्रों में उपस्थित होने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों एवं उनके परिजनों को किसी भी तरह की समस्याओं का सामना करना न पड़े।

## अवैध कोयला परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विगत दिनों खनिज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि जिले में अवैध रूप से गिट्टी, कोयला, ईंट खनन व परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। इसी कड़ी में विगत दिनों खनिज अधिकारी एवं उनके अमला द्वारा रात में ही छापामार कार्रवाई की गई थी। बैकुंठपुर तहसील क्षेत्र में छापामार कार्रवाई के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 18 जीए 0170 में तीन टन अवैध कोयला, वाहन चालक रामेश्वर राजवाड़े द्वारा परिवहन करते पाया गया। जानकारी के मुताबिक उक्त वाहन का मालिक नरेश कुमार बताया गया है। वाहन को जब्त कर चरचा थाना में सुपुर्दगी की कार्रवाई की गई तथा वाहन मालिक से अर्थदंड 34 हजार 396 रुपए की वसूली भी की गई है। खनिज अधिकारी ने बताया कि अवैध खनिज उत्खननकर्ता, परिवहनकर्ता व भंडारकर्ताओं के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। विदित हो कि बीते दिनों कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन आदि को रोकने के लिए आवश्यक व कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे, यह कार्रवाई भी उसी निर्देश का असर माना जा रहा है।

**खास बात**
- कलेक्टर के निर्देश के बाद खनिज अमला सक्रिय



### चोरों ने पार किया सोलर पंप, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** सिंचाई के लिए लगाए गए सोलर पंप को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम सुमेरपुर निवासी अतुल लकड़ा चेन्द्रा फॉरेस्ट गोदाम के पीछे सिंचाई के लिए सौर सुविधा योजनान्तर्गत क्रेड़ा विभाग के सहयोग से सौर पम्प लगवाया था जिसे रात में चोरो पार कर दिया।

## बिना बताए अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टरों व स्टॉफ पर करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में मंगलवार को विनय कुमार लंगेह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि बैकुंठपुर स्थित जिला अस्पताल सहित जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टर, स्टॉफ नियमित रूप से व समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि डॉक्टर व स्टॉफ बिना बताए अस्पतालों से अनुपस्थित रहने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। श्री लंगेह ने कहा कि अस्पतालों में समय पर डॉक्टरों व स्टॉफ नहीं मिलने से मरीजों व उनके परिजनों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। श्री लंगेह ने कहा कि आम लोगों से जुड़े स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, राशन, पेयजल जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सेंगर ने बताया कि बिना बताए अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टर व स्टॉफ से स्पष्टीकरण मांगा गया हे, स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होने पर कार्रवाई करने की बात कही। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने डॉक्टरों, स्टॉफ नर्स, अधिकारियों-कर्मचारियों व वार्ड बॉय को समय पर अस्पताल पहुंचने तथा उपस्थिति पंजी में नियमित हस्ताक्षर करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर लंगेह ने जिला अस्पताल बैकुंठपुर के सिविल सर्जन को शीघ्र जेल वार्ड स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। विदित हो कि जेल में बंद व विचाराधीन कैदियों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, उपचार के लिए अस्पताल लाए जाते हैं। ऐसे में एक अलग से जेल वार्ड बनने से जांच-उपचार में सुविधा होगी साथ ही समय की बचत होगी।

**खास बात**
- कलेक्टर ने जिला अस्पताल में जेल वार्ड बनाने के दिए निर्देश

### जंगलों को आग से बचाने के लिए सबकी सहभागिता जरूरी

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि गर्मी के मौसम में जंगलों या सूखे कचरे, कबाड़ में आग लगने की आशंका बनी होती है, इसके लिए नगरीय निकाय, फायर ब्रिगेड व वन विभाग को समुचित व्यवस्था कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि जंगलों में आग न लगे इसके लिए संबंधित विभाग के अलावा सबकी सहभागिता भी जरूरी है। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि आगजनी की घटना रोकने व आग न लगे इसके लिए स्वयं जागरूक होना बहुत जरूरी है। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी हालत में जंगलों में जली हुई बीड़ी, सिगरेट या माचिस न छोड़े। सूखे कचरे, कबाड़ में आग लगने की आशंका बनी होती है, इसलिए इसके आसपास माचिस या किसी भी ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग बिल्कुल न करें। वन मंडलाधिकारी श्रीमती प्रभाकर खलको ने बताया कि जंगलों में आग न लगे, इसके लिए गांवों व कस्बों में लगातार मुनादी कराई जा रही और आग लग जाने पर तत्काल इसकी सूचना देने के लिए आम लोगों से अपील भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गांवों में फायर वार्चर भी रखा गया, ताकि जंगलों में आग लगने पर इनके माध्यम से सूचना मिले और आग पर काबू को किया जा सके। जिले के रेंजर, एसडीओ द्वारा गांव-गांव जाकर लोगों को जंगलों को आग से बचाने के उपाय बताए जा रहे हैं। श्रीमती खलको ने बताया कि वन प्रबंधन सूचना प्रणाली एफएमआईएस के तहत जंगलों में आग लगने पर तत्काल मोबाइल पर सूचना मिल जाती है, इसके तहत आग को रोकने में मदद मिलती है। उन्होंने मोबाइल नंबर 9981884978 पर भी आग लगने पर सूचना देने की अपील की है। विदित हो कि गर्मियों के मौसम में ट्रेन के पहिए से निकली चिंगारी भी आग लगा सकती है, इसके अलावा आग प्राकृतिक रूप से भी लग जाती है। यह आग ज्यादा गर्मी या बिजली कड़कने से भी लगती है। कई बार जंगलों में आग लगने की वजह आगजनी, कैम्प फायर, बिना बुझी बीड़ी-सिगरेट फेंकना, जलता हुआ कचरा छोड़ना भी आग लगने का मुख्य कारण बनता है।

## प्रलोभन से दूर मतदान करने को तैयार मजदूर



मतदान करने शपथ लेते मजदूर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार स्वीप नोडल अधिकारी नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिले के लोगों को लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जपनद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पंचायत सरभोका, डोरकी, पाराडोल, डगौरा, गरूडोल, महाई, बुलकीटोला, कठौतिया, नारायणपुर तथा कोथारी में महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी मनरेगा के श्रमिकों के द्वारा कार्य स्थल पर ही जागरूकता रैली निकाली गई और स्लोगन नारे के माध्यम से मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान मतदाताओं को जागरूकता अभियान में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरक संदेश दिया गया। मनरेगा के मजदूरों के द्वारा देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में पूर्ण आस्था रखते हुए भारत की प्रजातांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए धर्म, जाति, वर्ग, क्षेत्र एवं भाषा से भेदभाव किए बगैर तथा किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना प्रत्येक निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई गई।

## गर्मी की छुट्टियों में स्पेशल समर लाइब्रेरी की दी जाए सुविधा : आदित्येश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने कलेक्टर सरगुजा को पत्र लिख कर शहर के बच्चों, महिलाओं एवं अन्य वर्ग हेतु गर्मी की छुट्टी में स्पेशल समर लाइब्रेरी की व्यवस्था शुरू कराने की मांग की है। विगत दिनों शहर में जनसंपर्क के दौरान कई स्थानों से लोगों ने जानकारी दी कि पहले स्कूली बच्चे काफी आराम से लाइब्रेरी में पुस्तकों का अध्ययन कर पाते थे किन्तु इस वर्ष लाइब्रेरी के प्रथम तल में मरम्मत का कार्य कराया जाना है जिसके कारण उस तल को बंद कर दिया गया है। यह भी जानकारी मिली है कि मरम्मत के लिए राशि का भी अभाव है ऐसी स्थिति में कब तक वह तल पुरा होगा इसकी समुचित जानकारी किसी के पास नहीं है। वहीं दूसरी ओर लोकसभा चुनाव के बाद कई परीक्षाओं का आयोजन होना है जिसके कारण लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं की काफी भीड़ है और ये युवा भी वेटिंग में है। जिसके कारण छोटे बच्चों एवं अन्य लोगों को लायब्रेरी में समुचित व्यवस्था नहीं मिल पा रही है। आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने अपने पत्र में लिखा है कि कई अभिभावकों ने जानकारी दी है कि बच्चें कहानी के पुस्तकें एवं कई अन्य ज्ञानवर्धक पुस्तकों का अध्ययन करने गर्मी छुट्टी में जाते रहे हैं लेकिन इस वर्ष यह व्यवस्था वहां नहीं मिल पा रही है। जिपं उपाध्यक्ष श्री सिंहदेव ने कहा कि इतने बड़े शहर में यदि हम छोटे बच्चों के लिए लाइब्रेरी की सुविधा नहीं दे पा रहे हैं तो इससे बड़ी विडम्बना और क्या होगी।

### पेज 1 का शेष

#### दिव्यांग और बुजुर्गों ...

इस रथ का लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। श्री लंगेह ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के लिए नोडल अधिकारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी के देखरेख में प्रत्येक ग्राम पंचायतों में दिव्यांग रथ सुविधा से जुड़ने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने सभी दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान दिवस अनिवार्य रूप से इस सुविधा का लाभ लेने का आग्रह किया है।

